Class - V
Subject - HINDI
पाठ – 3 बच्चों की हँसी

1. शब्दार्थ :–

दानव	–	राक्षस
मधुर	–	मीठा
अनुपम	–	अनुपम
नैसर्गिक	–	प्राकृतिक
अकस्मात्	–	अचानक
स्वर्गिक	–	स्वर्ग जैसा
चारदीवारी	–	चारों ओर की दीवार
मुस्कराता	–	हँसता

मौखिक

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए :–

क. दानव का बगीचा कैसा था?

उत्तर दानव का बगीचा बहुत बड़ा और सुंदर था।

ख. गरमियों के समय बगीचे में कैसे फूल खिलते थे?

उत्तर गरमियों के समय बगीचे में सफेद और गुलाबी रंग के फूल खिलते थे।

लिखित

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

क. दोपहर के समय पाठशाला से लौटते हुए बच्चे कहाँ खेलने जाते थे?

उत्तर दोपहर के समय पाठशाला से लौटते हुए बच्चे दानव के बगीचे में खेलने जाते थे।

ख. दानव ने बच्चों से भयावनी आवाज़ में क्या कहा?

उत्तर दानव ने भयावनी आवाज़ में कहा, "तुम यहाँ क्या कर रहे हो?"

ग. दानव ने अपने बगीचे में कैसा दृश्य देखा?

उत्तर दानव ने अपने बगीचे में एक अनोखा दृश्य देखा। बगीचे की चारदीवारी में छेद कर बच्चे अंदर घुस आए थे तथा नाच रहे थे। साथ ही पेड़ों की शाखाएँ भी झूम–झूमकर उनका स्वागत कर रहीं थीं।

घ. बगीचे में एक छोटा–सा बच्चा क्यों रो रहा था?

उत्तर बगीचे में एक छोटा–सा बच्चा रो रहा था क्योंकि वह पेड़ की डालियों को नहीं छू पा रहा था।

ङ दानव का ह्रदय कैसे पिघल गया?

उत्तर बगीचे के एक कोने में छोटा बच्चा पेड़ की डालियों को नहीं छू पा रहा था तथा रो रहा था। बच्चा डाली को छू सके इसलिए पेड़ भी अपनी डाली को नीचे झुका रहा था। यह देखकर दानव का ह्रदय पिघल गया।

4. मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न दानव के बगीचे में बसंत के न आने का क्या कारण था?

उत्तर दानव के बगीचे में बसंत के न आने का कारण दानव का स्वार्थी होकर बच्चों को अपने बगीचे में आने से मना करना था। इसलिए प्रकृति ने भी बसंत को न भेजकर दानव को उचित सजा दी।

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. दानव किसके यहाँ गया हुआ था?

मित्र	भाई	चाचा

उत्तर मित्र

ख. दानव की खिड़की के बाहर क्या चहचहा रहीं थीं?

कोयल	चिड़िया	तोता

उत्तर चिड़िया

ग. दानव किससे कूदा और बाहर बगीचे में देखने लगा?

कुरसी से	मेज़ से	बिस्तर से

उत्तर बिस्तर से

घ. दानव के बगीचे में कौन खेल रहे थे?

बच्चे	बूढ़े	जवान

उत्तर बच्चे

6. उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

क.	दानव का बगीचा बहुत बड़ा और <u>सुंदर</u> था।	(असुंदर / सुंदर)
ख.	बच्चे दानव की <u>भयावनी</u> आवाज़ सुनकर भाग खड़े हुए।	(भयावनी / डरावनी)
ग.	बगीचे की <u>चारदीवारी</u> में एक बड़ा–सा छेद हो गया था।	(आँगन / चारदीवारी)
घ.	दानव ने उसे पुचकारकर <u>गोद</u> में उठा लिया।	(गोद / कंधे)
ङ	पेड़ की <u>शाखाएँ</u> प्रसन्नता से झूम उठीं।	(पत्तियाँ / शाखाएँ)